**Regarding Regional Rural Banks**

श्री जगदम्बिका पाल **(डुमरियागंज) :** महोदया, मैं एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की तरफ आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । आज पूरे देश के लगभग 26 राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अधिनियम 1976 के अंतर्गत रूरल बैंक्स काम कर रहे हैं, जो पूरे देश में ग्रामीण किसानों, नौजवानों और विद्यार्थियों की सेवा करने का सबसे ज्यादा काम कर रहे हैं । इनकी 22 हजार शाखाएँ हैं । कम से कम 40 करोड़ लोग ऐसे होंगे, जो रिमोट एरिया में रहते हैं । इसके बावजूद भी अभी तक इनकी कोई एक एपेक्स बॉडी नहीं बनी है, जबकि इसमें भारत सरकार का 50 प्रतिशत लगा है ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माँग करना चाहता हूँ कि आज पूरे देश के जो ग्रामीण बैंक हैं, उन 40 करोड़ लोगों को सुविधा देने के लिए केन्द्रीय स्तर पर एक भारतीय राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक, एनआरबीआई की स्थापना की जाए । उसमें भर्ती प्रक्रिया नेशनल लेवल पर हो, उसमें एकरूपता हो और जो देश के 26 राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में स्थित उन ग्रामीण बैंकों में अस्थायी 20 हजार स्टॉफ काम कर रहे हैं, उनको स्थायी किया जाए । धन्यवाद ।